# डिफेंस कॉरिडोर में बनेंगी तोपें, युवाओं को मिलेगा रोजगार



**सीएम बोले-केन-बेतवा गठजोड़ से बुंदेलखंड में नहीं रहेगी पानी की कमी**

कालिंजर (बांदा)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण से दिल्ली के सफर का समय कम तो हुआ ही, साथ ही इसके बगल में डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। यहां तोपें बनेंगी और युवाओं को रोजगार मिलेगा। केन-बेतवा गठजोड़ से बुंदेलखंड में पानी की कमी नहीं रहेगी। तंज कसा कि पूर्व सरकारों ने बुंदेलखंड को विकास से दूर रखा, लेकिन अब हमारा बुंदेलखंड पीछे नहीं रहा। बुंदेलखंड के सभी जिलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

सीएम ने कालिंजर महोत्सव के उद्घाटन के दौरान यह बातें कहीं। कहा कि चित्रकूट भगवान राम के नाम से विख्यात है तो कालिंजर ऋषि मुनियों का क्षेत्र रहा है। उन्होंने कहा बुंदेलखंड के विकास के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया। बुंदेलखंड में पानी की समस्या हमेशा रहती थी। हर घर नल योजना से घर-घर पानी पहुंचाने का काम किया। केन-बेतवा गठजोड़ से बुंदेलखंड में पानी की कमी नहीं रहेगी। पूर्व सरकारों ने बुंदेलखंड का विकास नहीं किया। छलावा किया। जब से भाजपा की सरकार आई और बुंदेलखंड का विकास शुरू हुआ। यहां बड़े उद्योगपति निवेश करेंगे। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी सुविधाएं दी जाएंगी। संवाद